मुझे श्याम सुन्दर की दुल्हन बना दो

मुझे श्याम सुन्दर की दुल्हन बना दो
==========================
(ऐसे वर को, क्या वरू,
जो जनमे, और मर जाये।
वरीये, गिरिधर लाल को,
चुड़लो, अमर होई जाये ॥)

आओ, मेरी सखियो*, मुझे मेहँदी लगा दो।
मेहँदी, लगा दो मुझे*, सुन्दर सजा दो॥
मुझे, श्याम सुन्दर की, दुल्हन बना दो।
मुझे, मेरे मोहन की, दुल्हन बना दो।

सतसंग, मे मेरी, बात चलाई।
सतगुरु, ने मेरी, कीनी सगाई॥
उनको, बुला के*, हथ लेवा तो करा दो॥,
मुझे, श्याम सुन्दर की, दुल्हन बना दो।
मुझे, मेरे मोहन की, दुल्हन बना दो।

ऐसी, पहनूँ चूड़ी जो, कबहूँ ना टूटे।
ऐसा वरु, दूल्हा जो, कबहूँ ना छूटे॥
अचल, सुहाग की*, यह बिंदिया लगा दो॥,
मुझे, श्याम सुन्दर की, दुल्हन बना दो।
मुझे, मेरे मोहन की, दुल्हन बना दो।

ऐसी, ओढूँ चुन्नरी जो, रंग नहीं छूटे।
प्रीत, का धागा, कबहूँ न टूटे॥
आज, मेरी मोतियों से*, मांग भरा दो॥,
मुझे, श्याम सुन्दर की, दुल्हन बना दो।
मुझे, मेरे मोहन की, दुल्हन बना दो।

प्रीत, की पायल पहन, नाच नाच गाऊँगी।
अविनाशी, प्रीतम से, वियाह मैं रचाऊँगी
मुझे, मेरे मोहन से*, कोई तो मिला दो॥,
मुझे, श्याम सुन्दर की, दुल्हन बना दो।
मुझे, मेरे मोहन की, दुल्हन बना दो।

भक्ति, का सुरमा मैं, आँख में लगाऊँगी।
दुनियाँ, से नाता तोड़, उनकी हो जाऊँगी॥
सतगुरु, बुला के मेरे*, फेरे तो डला दो॥,
मुझे, श्याम सुन्दर की, दुल्हन बना दो।
मुझे, मेरे मोहन की, दुल्हन बना दो।

बाँध, के घुंघरू मै, उनको रीझाऊँगी ।
ले के, इकतारा मै, श्याम-श्याम गाऊँगी ॥
सतगुरु, बुला के मुझे*, बिदा तो करा दो ॥,
मुझे, श्याम सुन्दर की, दुल्हन बना दो ।
मुझे, मेरे मोहन की, दुल्हन बना दो ॥
आओ, मेरी सखियो*,,,,,,,,,,,,,,,,
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33720/title/MUJHE-SHYAM-SUNDER-KI-DULHAN-BNA-DO

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |